# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

## विज्ञापन सं. 4ए / 2011-12

**(यह विज्ञापन तथा आवेदन का प्रारूप भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है)**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद | रिक्तियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कुल रिक्तियों की संख्या | अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा) | अनुसूचित जाति (अजा) | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) |
| सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए' | 07* | 04 | 01 | - @ | 02 |

* उपर्युक्त 07 रिक्तियों में से 03 रिक्तियां विकलांग श्रेणी के अंतर्गत बधिरों के लिए आरक्षित हैं परंतु अस्थिरूप से विकलांग (अ.वि) तथा दृष्टिहीन विकलांग (दृ.वि.) उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है। तथापि अस्थिरूप से विकलांग तथा दृष्टिहीन विकलांग उम्मीदवार भी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आयु और आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे। विकलांग उम्मीदवार किसी भी वर्ग (सामा/अजा/अजजा/अपिव) के हो सकते हैं।

@ अनूसूचित जनजाति (अजजा) उम्मीदवार के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। तथापि वे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं परंतु आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पणी :** (i) बधिर वे हैं जिनमें जीवन के साधारण उद्देश्यों के लिए श्रवण इन्द्रिय क्रियाशील न हो तथा जो ऊंची जबान में भी ध्वनि को बिलकुल सुन और समझ न सकें। इस वर्ग में वे मामले शामिल होंगे जिन्हें बेहतर कान में 60 डेसिबल से अधिक (गंभीर दुर्बलता) बधिरता हो अथवा जिन्हें दोनों कानों से बिलकुल सुनाई न देता हो। अक्षमता की डिग्री 40 प्रतिशत से कम हीं होनी चाहिए।

(ii) विकलांग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं :** i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तावेजों मैनुअलों और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद और इसके विपरीत तथा इनके मुद्रण की व्यवस्था करना। ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन। iii) बैंक के स्टाफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था।

**ख) पात्रता मानदंड :**

**I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-01-2012 को) :**

**अनिवार्य :**

i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी/हिन्दी अनुवाद में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

ii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

iii) स्नातक स्तर पर विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री। (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी अर्हता भी हो सकती है) अथवा

iv) हिन्दी/हिन्दी अनुवाद और अंग्रेजी दोनों में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए।

**वांछनीय :** द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान।

**II) अनुभव (दिनांक 01-01-2012 को)**

**अनिवार्य :** किसी राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय साप्ताहिक/समाचार पत्र या किसी सरकारी/अर्ध सरकारी विभाग या किसी स्वायत्त निकाय/उपक्रम आदि में अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद तथा इसके विपरीत या शब्दावली निर्माण में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय :**

i) स्नातक स्तर पर संस्कृत/कोई अन्य आधुनिक भारतीय भाषा/भाषा विज्ञान का अध्ययन।

ii) साहित्यिक कार्य का प्रकाशन।

**III) आयु (दिनांक 01-01-2012 को)** 30 वर्ष से अधिक नहीं। पीएच. डी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष होगी। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 3 देखें।

**ग) चयन योजना :** चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा। लिखित परीक्षा **दिनांक 22 अप्रैल 2012, रविवार** को आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा हिंदी से अंग्रेजी और इसके विपरीत अनुवाद करने के उम्मीदवार के सामर्थ्य तथा बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य और अन्य संबंधित विषयों पर बल देते हुए हिंदी एवं अंग्रेजी शब्दावली के ज्ञान तथा स्वंय को हिन्दी और अंग्रेजी में व्यक्त करने की उम्मीदवार की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए, 100 पूर्णांक के साथ 3 घंटे की होगी। जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे उन्हें ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अंतिम चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा।

2. **परीक्षा केंद्र :** लिखित परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों (कोड नं. कोष्ठक में दिए गए हैं) पर आयोजित की जा सकती है :

| परीक्षा केंद्र | कोड नं. | परीक्षा केंद्र | कोड नं. |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | (11) | जम्मू | (21) |
| बंगलूर | (12) | कानपुर | (22) |
| भोपाल | (13) | कोच्ची | (23) |
| भुवनेश्वर | (14) | लखनऊ | (24) |
| कोलकाता | (15) | मुंबई | (25) |
| चंडीगढ़ | (16) | नागपुर | (26) |
| चेन्नै | (17) | नई दिल्ली | (27) |
| गुवाहटी | (18) | पटना | (29) |
| हैदराबाद | (19) | पुणे | (30) |
| जयपुर | (20) | तिरुवनंतपुरम | (31) |

उम्मीदवार केवल एक ही केंद्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कोड नंबर का उल्लेख आवेदन पत्र में अवश्य किया जाए। लिखित परीक्षा के केन्द्र और तारीखों में बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर लिखित परीक्षा रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केंद्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय-सरणी और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी। उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। **परीक्षा केंद्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**3. ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

ऊपरी आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी

**क)** अपिव के उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं।

**ख)** निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष : (i) अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं (ii) रोजगार केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने वाले बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी (iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवाकमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों। (iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलिटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। (v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

ग) विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के लिए 15 वर्ष।

**टिप्पणी : आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी।**

**4. सेवा शर्तें/करिअर-संभावनाएं :**

**(i) वेतनमान :**
ग्रेड ए अधिकारियों के लिए लागू 17,000-1000 (11) - 28100 द. रो. - 1000(4) - 32100-1100 (1) -33200 रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 17,100/- रुपए प्रतिमाह होगा। वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के पात्र भी होंगे। वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 30,442/- रुपये है।

**(ii) अनुलाभ :**
पात्रता के अनुसार उपलब्धता के आधार पर बैंक आवास, कार्यालनीय उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्रे, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा। ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम। इस पद से भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं।

**(iii) बैंक को लागत :**
भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई के कार्यग्रहण करने वाले ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए न्यूनतम वेतनमान पर आवासीय सुविधा को छोड़कर बैंक को लागत 5.75 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग) है। आवासीय सुविधा का बाज़ार मूल्य अधिकतम 1.75 लाख रुपए प्रतिवर्ष होगा।

**नोट :** जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/विशेष अनुभव रखते हो उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर चारा अग्रिम वेतन वृद्धि देने पर विचार कर सकता है। बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है। ऐसी जानकारी जीवन-वृत्त फार्म के उचित कालम में दी जाए। अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या 4 होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्ति हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

**(iv)** कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है। पट्टे पर आवासीय सुविधा तथापि सभी केंद्रों पर उपलब्ध है।

**(v)** प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है।

**(vi)** उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

**(vii)** चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

**5. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) :**
100/- रुपये (एक सौ रुपये मात्र)। अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान केवल मुंबई में देय तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट से किया जाए। तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर, मुंबई में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं। उम्मीदवार अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन पत्र के साथ पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें। उचित आवेदन-पत्र के साथ नहीं भेजे गए शुल्क अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

**6. सामान्य नियम/अनुदेश :**

i) आवेदन का प्रारूप (ऑफ-लाइन तरीके के लिए) इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है। उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप के अनुरूप ही आवेदन करें।

ii) जिन आवेदनों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन अपूर्ण/निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे/बिना फोटो/बिना हस्ताक्षर होंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

iii) उम्मीदवार अपने आवेदन के साथ कोई भी प्रमाणपत्र अथवा उसकी प्रतियां संलग्न न करें। आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा। किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

iv) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों। यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें।

v) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाली सभी उम्मीदवारों को आवेदन में दी गई जानकीरी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के समय ही करेगा।

vi) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से **'अनापत्ति प्रमाणपत्र'** प्रस्तुत करना होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आवेदन नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो। ऐसे मामलों में, ''अग्रिम प्रति'' लिखकर आवेदन (जहाँ लागू हो) शुल्क के साथ बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए।

vii) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए। यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति की तिथि तथा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में बहुत कम अंतर हो।

viii) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

ix) लिखित परीक्षा में प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सूची भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर उचित समय पर दी जायेगी। यदि किसी उम्मीदवार को बोर्ड से लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र/कोई अन्य सूचना प्राप्त न हो तो उसे आवश्यक मार्गदर्शन के लिए **परीक्षा की तारीख से चार दिन पहले, किसी भी दिन** पासपोर्ट-आकार के हस्ताक्षरित फोटो-सहित कार्यालय समय के दौरान आवेदन में दिये गये परीक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए। उपर्युक्त अनुदेशों का पालन न करने पर उम्मीदवार को इस बात का कोई हक प्राप्त नहीं होगा कि उसके मामले पर कोई विचार किया जाए।

x) लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी किराया/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

xi) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया रोल नंबर अवश्य लिखें।

xii) ये पद भारतीय रिज़र्व बैंक के उन कर्मचारियों (स्टाफ उम्मीदवारों) के लिए भी खुले हैं जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

xiii) जहाँ परीक्षा आयोजित की जा रही है वहां मोबाइल फोन, पेजर या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो उम्मीदवार को इस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराए जाने के साथ-साथ भविष्य में आयोजित की जानेवाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा।

xiv) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है। तथापि परीक्षा और साक्षात्कार के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक के वेब साइट पर उपलब्ध हो सकते हैं।

xv) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्तता मानी जाएगी।

xiv) पात्रता, परीक्षा का नियोजन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**7. आवेदन प्रस्तुत करना :**

उम्मीदवार निर्धारित आवेदन (ऑफ-लाइन) अथवा **ऑन-लाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। ऑन-लाइन आवेदन करने के बाद इसका प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बोर्ड कार्यालय में भेजें।**

i. **ऑन-लाइन :** उम्मीदवार **http://onlinedr.rbi.org.in** लिंक/यूआरएल का प्रयोग करके ऑन-लाइन आवेदन कर सकते हैं। 'ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश' इस लिंक पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही **''Apply''** लिंक पर क्लिक करें।

ऑन-लाइन आवेदन प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

क) ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को 100/- रुपए का मांग ड्राफ्ट अथवा भारतीय पोस्टल आर्डर अवश्य खरीद लेना चाहिए (अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवार को छोड़कर, जिन्हें शुल्क के भुगतान में छूट प्राप्त है)। शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणी के उम्मीदवार सीधे ऑन-लाइन आवेदन भर सकते हैं।

ख) **उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे सिस्टम के माध्यम से आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट निकाल लें। इस प्रिंटआउट में विनिर्दिष्ट जगह पर हस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं (स्टेपल न करें) उम्मीदवार आवेदन के प्रिंटआउ पर हस्ताक्षर अवश्य करें तथा 100/- रुपए का मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि शुल्क का भुगतान अपेक्षित हो) संलग्न करें।**

ग) उम्मीदवारों के लिए **आवश्यक** है कि वे उनके द्वारा भरे गए ऑन-लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड कार्यालय (भारिबैंसबो) को साधारण डाक द्वारा भेजें। यदि उनके आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तारीख तक बोर्ड को प्राप्त नहीं होगा तो ऑन-लाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।

घ) एक से अधिक बार आवेदन न भरें। अनुलिपि आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उन्हें रद्द कर दिया जाएगा।

ङ) ऑन-लाइन आवेदन **दिनांक 24 फरवरी 2012, अपराह 11.59 बजे तक** भरे जा सकते हैं। इसके बाद लिंक डिसेबल हो जाएगा।

ii. **ऑफ-लाइन :** उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए आवेदन प्रारूप में ही आवेदन करें। यह अच्छी गुणवत्ता वाले ''सफेद ए4'' कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ लिखा होना चाहिए। आवेदन में सभी कॉलम (विकलांग तथा शुल्क को छोड़कर, यदि लागू न हो) स्पष्ट रूप से लिखे अथवा टाइप होने चाहिए। अपूर्ण तथा अपाठ्य आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

iii. **ऑफ-लाइन** आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, साधारण डाक द्वारा **''महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड, पोस्ट बैंक नं. 4618, मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008'' पर भेजें।**

iv. **ऑफ-लाइन** आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रुप से रखे गए ड्राप बॉक्स में भी डाल सकते हैं।

v. ऑफ लाइन आवेदन अथवा ऑन लाइन आवेदन के प्रिंट आउट के लिफाफे पर **''सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए' के पद के लिए आवेदन''** लिखें।

vi. **उम्मीदवार ऑन-लाइन तरीके (इसके बाद ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट भेजें) अथवा ऑफ-लाइन में से केवल एक ही तरीके से आवेदन करें। दोनों तरीकों से आवेदन न करें। अनुलिपि आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।**

**8. अंतिम तारीख :**

(i) ऑफ-लाइन आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी), जो भी हो, बोर्ड कार्यालय में दिनांक 2 मार्च 2012, अपराह 6.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए।

(ii) विदेश में, असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से केवल डाक द्वारा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 09 मार्च 2012, अपराह 6.00 बजे तक है। डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन के मामले में बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा।

(iii) आवेदन की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**9. आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जांच-सूची :**

(i) नीचे दिए गए आवेदन के प्रारूप का उपयोग आवेदन के रूप में नहीं किया जाए।

(ii) आवेदन निर्धारित प्रारूप के अनुरूप ही अच्छी गुणवत्ता वाले ''सफेद ए4'' कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया (स्टेपनल न हो) जाना चाहिए। उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन और फोटो पर हस्ताक्षर किए गए हों।

(iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए **नाम और पता केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों में** लिखा जाए।

(iv) आवेदन जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

(v) **आवेदक सुनिश्चित करें कि आवेदन (ऑफ-लाइन या ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट) बोर्ड कार्यालय में अंतिम तारीख तक पहुंच जाए। निर्धारित तारीख तक सिस्टम के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बावजूद यदि इसका सिस्टम से प्राप्त, फोटो सहित हस्ताक्षरित प्रिंटआउट अंतिम तारीख तक बोर्ड कार्यालय में नहीं पहुंचता है तो ऐसा ऑन-लाइन आवेदन वैध नहीं तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।**

# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

## सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए' के पद के लिए आवेदन

**विज्ञापन सं. 4ए/2011-12** **प्राप्ति सं.**

(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

**1. पूरा नाम** (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :

**2. वर्ग :**

**क.** सामान्य के लिए **सामा**/अनुसूचित जाति के लिए **अजा**/अनुसूचित जनजाति के लिए **अजजा**/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए **अपिव** लिखें। ('**क्रिमी लेयर**' के अंतर्गत आने वाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख सामा, के रूप में करना चाहिए।) यह कॉलम खाली न छोड़ें।

**ख. विकलांग** उम्मीदवार उपर्युक्त क में मुख्य श्रेणी के साथ-साथ अस्थि रुप से विकलांग के लिए **अ. वि.**, बधिर के लिए **बधिर** और दृष्टिहीन विकलांग के लिए **दृ. वि.** लिखें। (अन्य उम्मीदवार इसे खाली छोड़े)

पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरित नवीनतम फोटो चिपकाएं

**3.**

| परीक्षा केन्द्र | कोड नं. | |
|---|---|---|
| | | |

**4. लिंग :**

**पुरुष** के लिए **(पु.)** तथा **स्त्री** के लिए **(स्त्री)** लिखें :

**5. जन्मतिथि** दिन माह वर्ष

**6. आयु (दिनांक 01.01.2012 को) :** ________ वर्ष ________ माह

**7. क. शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.01.2012 को)**

(पद हेतु विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता से प्रारंभ करते हुए)

| परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें) | मुख्य विषय | परिणाम की तारीख | विश्वविद्यालय/संस्थान | अंकों का समग्र % (दो दशमलव अंकों तक) | श्रेणी/डिवीजन |
|---|---|---|---|---|---|
| स्नातक | | | | | |
| स्नातकोतर | | | | | |

**ख. उच्चतर शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.01.2012)**

(बॉक्स में एम. फिल/पीएच.डी हो तो लिखें।)

**8. क्या आप भूतपूर्व सैनिक/जम्मू और काश्मीर के अधिवासी की श्रेणी/सरकारी कार्यालयों/बैंकिंग संस्थाओं से छंटनी किए गए कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं?**

(हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें।

**9. क्या आपके पास, जैसा कि विज्ञापन में अपेक्षित, निर्धारित न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव है। (दिनांक 01.01.2012 को)**

(हां के लिए (हां) और नहीं के लिए (नहीं) लिखें।

**10. विज्ञापन के संदर्भ मे अनुभव (दिनांक 01.01.2012 को)**

| नियोक्ता का नाम और पता | पदनाम | कार्य का स्वरूप | अवधि | | कुल अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | वर्ष | माह |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**11. परीक्षा शुल्क का विवरण**

| अदाता बैंक/डाकघर का नाम | मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की संख्या | मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की तारीख | राशि (रुपए) |
|---|---|---|---|
| | | | |

**12. पत्राचार का पता : (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पिन कोड सहित - कृपया नाम न दोहरायें) :**

ई-मेल, यदि कोई

टेली. नं. (एसटीडी कोड के साथ)/मोबाइल, यदि कोई

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य पूर्ण तया सही है। मैं यह जानता/जातनी हूं कि यदि भी समय इस आवेदन में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य/गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती हूं. तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं।

स्थान : (आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांक : नाम :

**उम्मीदवारों द्वारा नोट किये जाने वाले अति महत्वपूर्ण बिन्दु : (i) आवेदन पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन को सभी प्रकार से पूरा भरें। (ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों रद्द कर दिए जाएंगे और बोर्ड द्वारा इस मामले में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा। (iii) इस आवेदन के साथ प्रमाणपत्र की प्रतियाँ संलग्न न करें।**